## शिविर में 185 लोगों की हुई स्वास्थ्य जांच

**बक्सर.** सदर प्रखंड में मंगलवार को 'स्वास्थ्य जांच व उपचार आपके द्वार' अभियान के तहत गोलंबर स्थित महावीर मंदिर में स्वास्थ्य शिविर लगाया गया. इसमें 185 लोगों की एचआईवी, हेपेटाइटिस-बी, हेपेटाइटिस-सी, ब्लड प्रेशर, शुगर और एनीमिया की जांच की गयी तथा जरूरतमंदों को निःशुल्क दवा दी गयी.

## वारंटी को पुलिस ने किया गिरफ्तार, भेजा जेल

**नावानगर.** बासुदेवा थानाध्यक्ष अनिल कुमार पासवान के नेतृत्व में पुलिस ने आश्रा बिंदटोली गांव में छापेमारी कर वारंटी आत्मा बिंद को गिरफ्तार कर लिया. थानाध्यक्ष ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि वारंटी अपने गांव में देखा गया है. सूचना पर पुलिस ने उसके घर पर छापेमारी कर उसे गिरफ्तार किया और जेल भेज दिया.

---


# पंजाब नैशनल बैंक punjab national bank

भरोसे का प्रतीक ! ...the name you can BANK upon !

(भारत सरकार का उपक्रम)

सर्कल ऑफिस आरा, दूसरी मंज़िल, रीगल होटल, आरा-802301

## अचल सम्पत्ति के बिक्री हेतु बिक्री सूचना

**प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6)/9(1) के प्रावधान के साथ पठित वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी बिक्री सूचना।**

एतद्द्वारा सर्वसाधारण एवं विशेष रूप से उधारकर्ता(ओं), जमानतदार(रों) एवं बंधककर्ता(ओं) को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति जो सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी/बंधक है, जिसका रचनात्मक/भौतिक/सांकेतिक कब्जा बैंक/सुरक्षित लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, संबंधित उधारकर्ता(ओं), जमानतदार(रों) एवं बंधककर्ता(ओं) से बैंक/सुरक्षित लेनदार की बकाया राशि की वसूली हेतु नीचे दी गई तालिका में उल्लिखित तिथि को **''जहाँ है जैसी है'', ''जो है जैसी है''** और **''जो कुछ भी है''** के आधार पर बेची जाएगी। आरक्षित मूल्य और बयाना राशि संबंधित संपत्तियों के सामने नीचे दी गई तालिका में उल्लिखित अनुसार होगी।

### सुरक्षित परिसम्पत्तियों की अनुसूची

| लॉट सं. | शाखा का नाम / खाता का नाम / कर्जदार/जमानतदार का नाम एवं पता | बंधक रखी गई अचल सम्पत्तियों का विवरण/ मालिक का नाम (सम्पत्ति(यों) का बंधककर्ता) | क) सरफेसी अधिनियम 2002 के धारा 13(2) के तहत माँग सूचना की तिथि<br>ख) मांग सूचना के अनुसार बकाया राशि<br>ग) सरफेसी अधिनियम 2002 के धारा 13(4) के तहत कब्जा की तिथि<br>घ) कब्जे का प्रकार सांकेतिक/भौतिक/रचनात्मक<br>ङ) बिक्री सूचना के अनुसार बकाया राशि | क) आरक्षित मूल्य<br>ख) ईएमडी<br>ग) बोली वृद्धि राशि | ई-नीलामी की तारीख/समय | सुरक्षित लेनदारों को ज्ञात भारों का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | कोइलवर (072500):<br>ए के एस ब्रिक्स, प्रो. श्री दिलीप कुमार सिंह पिता आनंद कुमार सिंह<br>खाता संख्या 072500KU00000020<br>(उधारकर्ता) श्री दिलीप कुमार सिंह पिता आनंद कुमार सिंह निवासी- ग्राम + पोस्ट: धनडीहा, थाना कोईलवर जिला - भोजपुर बिहार-802160<br>(जमानतदार)<br>1. श्री महाराणा प्रताप सिंह पिता श्री आनंद कुमार सिंह<br>2. श्रीमती कुसुम कुमारी देवी पति आनंद कुमार सिंह, सभी निवासी-ग्राम + पोस्ट: धनडीहा, थाना: कोईलवर जिला- भोजपुर बिहार-802160 | संपत्ति स्थित है: मौजा- धनडीहा, थाना: कोईलवर जिला- भोजपुर, थाना संख्या- 133, खाता संख्या- 923, प्लॉट संख्या- 1234, क्षेत्रफल- 16 डिसमिल<br>**डीड संख्या- 781 दिनांक 03.02.2017**<br>**चौहद्दी:** उत्तर- श्री हीरा लाल दास, दक्षिण- श्री शिवधर पांडेय, पूर्व- निज लेखाकारी, पश्चिम- सड़क<br>बन्धककर्ता- 1. श्री. दिलीप कुमार सिंह पिता श्री आनंद कुमार सिंह | क) 09.12.2024<br>ख) रु.10,32,038.45 + आगे का बकाया ब्याज एवं अन्य शुल्क<br>ग) 28.02.2025<br>घ) सांकेतिक<br>ङ) रु.12,19,021.95 + आगे का बकाया ब्याज एवं अन्य शुल्क | क) रु.16,20,000/-<br>ख) रु.1,62,000/-<br>ग) रु.50,000/- | दिनांक 24.09.2026 को दोपहर 12:00 बजे से शाम 04:00 बजे तक | ज्ञात नहीं |

### नियम एवं शर्तें

बिक्री सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम 2002 में निर्धारित नियमों और शर्तें निम्नलिखित के अधीन होगी।

1. संपत्तियाँ **''जहाँ है जैसी है''** और **''जो है जैसी है''** तथा **''जो भी है जैसी है''** के आधार पर बेची जा रही है।
2. उपरोक्त अनुसूची में निर्दिष्ट सुरक्षित संपत्तियों का विवरण प्राधिकृत अधिकारी की सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार दिया गया है, लेकिन प्राधिकृत अधिकारी इस घोषणा में किसी भी त्रुटि, गलत विवरण या चूक के लिए उत्तरदायी नहीं होगा।
3. बिक्री अधोहस्ताक्षरी द्वारा वेबसाइट https://baanknet.com पर उपलब्ध ई-नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से **24/09/2026 को दोपहर 12:00 बजे से सायं 04:00 बजे तक** की जाएगी।
4. बिक्री के विस्तृत नियम और शर्तों के लिए, कृपया **https://baanknet.com** और **www.pnbindia.in** देखें।

**नोट:- विवाद की स्थिती में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा।** **प्राधिकृत अधिकारी**



Scanned with OKEN Scanner